मेरा एक साथी हैं (जब जब दिल ये उदास होता हैं)

जब जब दिल ये उदास होता हैं,
भैरूजी का सर पे मेरे हाथ होता हैं ।
मेरा एक साथी हैं, बड़ा ही भोला-भाला हैं,
मिले ना उस जैसा, वो जग से निराला हैं ।।
जब जब दिल ये उदास होता हैं..

नई नई पहचान बदल गई रिश्ते में,
दादा मेरा सौदा पट गया सस्ते में ।
गिरा मैं जब जब भी, उसीने संभाला है,
मिले ना उस जैसा, वो जग से निराला हैं ।।
जब जब दिल ये उदास होता हैं..

जब तक रहा अकेला, बड़ा दुःख पाया मैं,
जब जब दुःख ने घेरा तो घबराया मैं ।
सारी दुनिया को, भैरू का सहारा हैं,
मिले ना उस जैसा, वो जग से निराला हैं ।।
जब जब दिल ये उदास होता हैं..

दादा तेरे भरोसे ये संसार हैं,
दर्शन को तेरे हम बेकरार हैं ।
सबके जीवन में भैरू रखवाला हैं,
मिले ना उस जैसा, वो जग से निराला हैं ।।
जब जब दिल ये उदास होता हैं..

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1846/title/mera-ek-sathi-hai-barha-hi-bhola-bhala-hai-mile-na-us-jaisa-vo-jag-se-nirala-hai--jab-jab-dil-ye-udas-hota-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |